Statement

Location-wise details of Doordarshan and Akashwani Kendras in the State of Bihar

Doordarshan	**All India Radio**
Programme Production Centre	
Daltonganj	Patna
Ranchi	Ranchi
Patna	Bhagalpur
Muzaffarpur	Darbhanga
High Power Transmitter	Jamshedpur
Daltonganj	Sasaram
Katihar	Purnea
Muzaffarpur	Chaibasa
Patna	Hazaribagh
Ranchi	Daltonganj
Lower Power Transmitter	
Aurangabad	
Begusarai	
Bettiah	
Bhagalpur	
Bokaro	
Buxar	
Chaibasa	
Darbhanga	
Deoghar	
Dhanbad	
Dumka	
Forbesganj	
Gaya	
Ghatshila	
Giridih	
Godda	
Gopalganj	
Gumla	
Hazaribagh	
Jamshedpur	
Jamui	
Khagaria	
Lohardaga	
Madhepura	
Madhubani	
Motihari	
Munger	
Nawada	
Phoolparas	
Raxaul	
Saharaba	
Sasaram	
Sheikhpura	
Sitamarhi	
Siwan	
Supaul	
Patna (DD II)	
Transpower	
Ramgarh Hill	

कार्यक्रमों को प्रसारित करने/टेलीविजन पर दिखाने के लिए विदेशी कंपनियों द्वारा इलैक्ट्रानिक प्रचार माध्यम के उपयोग पर रोक

391. **श्री राम जेठमलानी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विदेशी कंपनियों पर देश में अपने कार्यक्रम प्रसारित करने/टेलीविजन पर दिखाने हेतु इलेक्ट्रानिक प्रचार माध्यम का उपयोग करने के लिए कोई रोक लगी हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या उपर्युक्त कंपनियों को भारतीय कंपनियों के सहयोग से निर्मित कार्यक्रमों हेतु इलेक्ट्रानिक प्रचार माध्यम का उपयोग करने की अनुमति है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) उन संस्थानों के नाम क्या-क्या हैं जिनका विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग है और जिनके आवेदन सरकार को देश में इलेक्ट्रानिक प्रचार माध्यम के उपयोग हेतु प्राप्त हो चुके हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) से (घ) मौजूदा सरकारी नीति के अनुसार निजी एजेंसी को चाहे वह स्वदेशी हो या विदेशी भारतीय भूमि से प्रसारण करने की अनुमति नहीं है। विदेशी उपग्रह चैनलों के कार्यक्रम देश के बाहर से प्रसारित किए जाते हैं, और मौजूदा कानूनों में उन पर किसी प्रभावी विनियमन/नियंत्रण की व्यवस्था नहीं है।

आकाशवाणी की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा के प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ शिकायतें

392. **श्री शिव चरण सिंह:**
श्री गोविन्दराम मिरी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले छ: महीनों के दौरान आकाशवाणी की राष्ट्रीय प्रसार सेवा के प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ अनेक शिकायतें की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है और यदि अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो उसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) और (ख) सरकार को राष्ट्रीय चैनल, आकाशवाणी, नई दिल्ली के कुछ कर्मचारियों एवं अधिकारियों से केन्द्र के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ घोर निरंकुशता, भ्रष्टाचार, ड्यूटी के प्रति लापरवाही और वित्तीय अनियमितता के तथाकथित आरोप संबंधी एक संयुक्त अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है।

(ग) शिकयतों की जांच करवायी गयी थी। तथापि, चूंकि यह प्रथम दृष्टया मामला सिद्ध नहीं हुआ था, अत: मामले को समाप्त समझा गया है।

आकाशवाणी, दिल्ली के कार्यक्रम अधिकारियों का स्थानांतरण

393. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आकाशवाणी, दिल्ली के कितने कार्यक्रम अधिकारियों को कहां-कहां पर 1996 के दौरान स्थानांतरित किया गया;

(ख) इनमें से कितने अधिकारियों ने उन स्थानों पर अपना कार्यभार संभाल लिया है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था; और

(ग) उन अधिकारियों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने उन स्थानों पर अपना कार्यभार नहीं संभाला है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था और उसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) विवरण में दिए गए ब्यौरों के अनुसार 1996 के दौरान आकाशवाणी दिल्ली में कार्यरत 11 कार्यक्रम निष्पादकों को स्थानान्तरित किया गया था (नीचे देखिए)

(ख) इन 11 कार्यक्रम निष्पादकों में से 6 ने पहले ही अपने संबंधित तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

(ग) उन 5 कार्यक्रम निष्पादकों जिन्होंने उन स्थानों जहां उन्हें स्थानान्तरित किया गया था, पर अभी तक अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, के ब्यौरे तथा तत्संबंधी कारण विवरण-II में दिए गए हैं।

विवरण-II

उन केन्द्रों की सूची जहां आकाशवाणी, दिल्ली में कार्यरत 11 कार्यक्रम निष्पादकों को वर्ष 1996 के दौरान स्थानान्तरित किया गया था।

क्र॰ सं॰	केन्द्र का नाम
1.	आकाशवाणी, जयपुर
2.	आकाशवाणी, उत्तर पूर्वी सेवा, शिलांग
3.	आकाशवाणी, बीकानेर
4.	आकाशवाणी, जालन्धर (2 कार्यक्रम निष्पादक)
5.	आकाशवाणी, अहमदाबाद।
6.	राष्ट्रीय चैनल, आकाशवाणी, दिल्ली (2 कार्यक्रम निष्पादक)।
7.	विदेशी सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, दिल्ली।
8.	प्रतिलेखन तथा कार्यक्रम विनिमय सेवा निदेशालय, आकाशवाणी, दिल्ली।
9.	विज्ञापन प्रसारण सेवा, आकाशवाणी, दिल्ली।

विवरण - II

उन कार्यक्रम निष्पादकों की सूची जिन्होंने अभी तक उन स्थानों पर अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था तथा तत्संबंधी कारण

क्र॰ सं॰	नाम	तैनाती स्थल	स्थगन प्रदान करने के कारण
1.	श्रीमति मल्लिका बैनर्जी	आकाशवाणी, अहमदाबाद	10% मितव्ययिता कटौती के फलस्वरूप अक्तूबर/ नवम्बर, 1996 में आदेश जारी किए गए थे। चालू शैक्षणिक सत्र से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आदेश को 30.4.97 तक स्थगित रखा गया।
2.	श्री आर॰ के॰ शर्मा	आकाशवाणी, जालन्धर	-उपर्युक्त-